दिन – मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली के बिदुपुर स्थित कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित कार्यक्रम में आज से विद्यार्थी सहयोग शिविर का शुभारंभ किया। विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक और संस्थागत समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। विद्यार्थी सहयोग शिविर प्रत्येक महीने के चौथे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन शिविरों में विद्यार्थियों को अपनी शिकायतें और सुझाव दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। प्राप्त शिकायतों का अधिकतम तीस दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है।

————————————————————————

शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण में निगेटिव मार्किंग हटाने तथा एकल परीक्षा कराने की मांग को लेकर छात्रों ने आज लोक सेवक आवास का घेराव करने की घोषणा की है। विभिन्न छात्र संगठनों ने पटना के गांधी मैदान स्थित जे.पी. गोलम्बर से मार्च निकाला। छात्रों का मार्च डाकबंगला चौराहे पहुंचा, जहां पुलिस ने इसे रोकने की कोशिश की। इस बीच, प्रदर्शनकारी छात्रों और प्रशासन के बीच झड़प की खबर है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने कई छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया है।

————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि राज्य सरकार छात्र हित के लिए संकल्पित है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि छात्रों के अधिकतर मांगों को मान लिया गया है और सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी, एईडीओ परीक्षा का विज्ञापन फिर से जारी करेगा। आयोग ने कहा है कि इससे नये अभ्यर्थियों को आवेदन करने का मौका मिलेगा। आयोग ने स्पष्ट किाय है कि पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी।

———————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता प्रदेश के विभिन्न भागों में बनी हुई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया, भभुआ, कुदरा, सासाराम, चेनारी समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश हुयी है। विभाग ने आज बक्सर और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, गोपालगंज, सीवान और पश्चिम चंपारण जिले में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है।

———————————————————————

उत्तर भारत में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर राज्य में बक्सर से लेकर कहलगांव तक कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भागलपुर और कहलगांव में बढ़ा है, जबकि बक्सर, पटना के दीघा घाट और मुंगेर में कमी दर्ज की गयी है। इधर, घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————

आज पूर्व मुख्यमंत्री और मंडल आयोग के अध्यक्ष बी.पी. मंडल की जयंती है। इस अवसर पर पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृ सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बी.पी. मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————————

रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र ने आज जिला निबंधन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पेपर लेस निबंधन व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से इस नई व्यवस्था में हो रही परेशानियों के बारे में भी जाना।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय, बेतिया के कुमारबाग इंजीनियरिंग कॉलेज में आगामी सत्ताईस अगस्त को खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला युवा पदाधिकारी शशांक मित्तल ने बताया कि प्रधानमंत्री का संबोधन सुबह ग्यारह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत—नेपाल सीमा के समीप एसएसबी जवानों ने तलाशी अभियान के दौरान छह सौ दस ग्राम स्मैके साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

कैमूर जिला समाहरणालय परिसर में कल रात तेज बारिश के बाद पानी जमा हो गया है। इससे अधिकारियों, कर्मियों और आम लोगों को काफी पेरशानी हो रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।